सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 27.02.2025

इटावा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को चोरी की 01 मोटरसाइकिल सहित किया गया गिरफ्तार,

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी नगर इटावा के कुशल नेतृत्व में थाना इकदिल पुलिस की गयी कार्यवाही।

घटना गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी/लूट की घटना को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 26.02.2025 को थाना इकदिल पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 01 व्यक्ति ग्राम भूलपुर से आगे बनी पुलिया के पास चोरी की मोटर साइकिल लिये खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना इकदिल पुलिस द्वारा **01 अभियुक्त को ग्राम भूलपुर के पास से समय 15.05 बजे** पकड़ लिया गया।

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो अभियुक्त अभिषेक पुत्र शनी कुमार राजपूत के कब्जे से 01मोटरसाइकिल बरामद हुयी। जिसके संबंध मे पुलिस टीम द्वारा प्रपत्र मांगे जाने पर दिखाने मे असमर्थ रहा। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ एवं बरामद मोटरसाइकिल के संबंध मे जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है जिसके संबंध मे **थाना गोविन्दपुरी साउथ में मु0अ0सं0- 026322/2024 धारा 305(B) बीएनएस** पंजीकृत है।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना इकदिल पर मु0अ0सं0 59/2025 धारा 317(2)/35 बीएनएस पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अभिषेक पुत्र शनी कुमार राजपूत निवासी ईश्वरीपुर थाना इकदिल जनपद **उम्र करीब 20 वर्ष**।

बरामदगीः-

1. 01 मोटर साइकिल हीरो स्पलैण्डर **(दिल्ली से चोरी)**

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 59/2025 धारा 317(2) बीएनएस व धारा 35 बीएनएसएस थाना इकदिल जनपद इटावा।

पुलिस टीम- निरी0 श्री विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना इकदिल, उ0नि0 अजय कुमार, का0 अमित कुमार।